Need to establish a CGHS Wellness Centre or Hospital in Bulandshahr district, Uttar Pradesh-Laid

डॉ. भोला सिंह (बुलन्दशहर) : मैं सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के जनपद बुलंदशहर में केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के अंतर्गत एक औषधालय या अस्पताल की तत्काल स्थापना की आवश्यकता की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । जनपद बुलंदशहर में केंद्रीय सरकार के विभिन्न विभागों, बैंकों, डाकघरों, रेलवे प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं उनके आश्रित निवास करते हैं । इन्हें सीजीएचएस के अंतर्गत चिकित्सा सुविधाएँ मिलनी चाहिए, किंतु वर्तमान में जनपद में पूर्णकालिक CGHS वेलनेस सेंटर या अस्पताल कार्यरत नहीं है । इस कारण लाभार्थियों को चिकित्सा परामर्श, दवाओं की प्राप्ति एवं विशेष उपचार हेतु मेरठ, गाजियाबाद या दिल्ली जैसे दूरस्थ शहरों की यात्रा करनी पड़ती है, जिससे उन्हें अत्यधिक मानसिक, शारीरिक और आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । वरिष्ठ नागरिकों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित पेंशनभोगियों के लिए यह स्थिति विशेष रूप से कष्टप्रद और कई बार जानलेवा सिद्ध हो सकती है । अतः मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि वह जनपद बुलंदशहर में सीजीएचएस औषधालय/अस्पताल की स्थापना हेतु आवश्यक कदम तत्काल उठाए और यह भी स्पष्ट करे कि उक्त सुविधा को उपलब्ध कराने की क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है ।